उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग-14
संख्या-137/2021/572/तेईस-14-2021-08(जनरल)/2021
लखनऊ: दिनांक- 25 मार्च, 2021

शुद्धि-पत्र

वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-58 जिला योजना (नवनिर्माण) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-117/2021/522/23-14-2021-08(जनरल)/2021, दि0 22.03.2021 द्वारा कुल 32 नये कार्यों की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 22.03.2021 के साथ संलग्न सूची की तालिका के क्रमांक-20 (जनपद-फिरोजाबाद-जलालपुर चन्द्रवार मार्ग से ग्राम लुहारी से करकौली सम्पर्क मार्ग का (अवशेष भाग) का नवनिर्माण कार्य) के सम्मुख स्तम्भ-8 में रू0 42.08 लाख के स्थान पर रू0 49.22 लाख एवं क्रमांक-21 (जनपद-फिरोजाबाद-ढबरई से सरसवां मार्ग का नवनिर्माण कार्य) के सम्मुख स्तम्भ-8 में रू0 21.88 लाख के स्थान पर रू0 25.58 लाख अंकित हो गया है । अतः संदर्भित शासनादेश दिनांक 22.03.2021 की तालिका के क्रमांक-20 पर अंकित जनपद-फिरोजाबाद की परियोजना के सम्मुख स्तम्भ-8 में अंकित रू0 49.22 लाख के स्थान पर रू0 42.08 लाख एवं तालिका के क्रमांक-21 पर अंकित जनपद-फिरोजाबाद की परियोजना के सम्मुख स्तम्भ-8 में अंकित रू0 25.58 लाख के स्थान पर रू0 21.88 लाख एवं उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 22.03.2021 के प्रस्तर-2 की पंक्ति-7 में प्रथम किस्त के रूप में कुल धनराशि रू0 4,53,25,000.00 (रू0 चार करोड़ तिरपन लाख पच्चीस हजार मात्र) के स्थान पर रू0 4,42,41,000.00 (रू0 चार करोड़ बयालिस लाख इकतालिस हजार मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 22.03.2021 के साथ संलग्न सूची की तालिका के स्तम्भ-8 में योग रू0 453.25 लाख के स्थान पर रू0 442.41 लाख पढ़ा जाय।

2- उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 22.03.2021 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय । शासनादेश दिनांक 22.03.2021 की शेष शर्ते एवं अन्य विवरण यथावत् रहेंगी।

भवदीय,

महेश कुमार
संयुक्त सचिव।

संख्या-137/2021/572(1)/23-14-2021-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज ।
2- महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम व द्वितीय, प्रयागराज ।
3- मण्डलायुक्त, सम्बन्धित मण्डल ।
4- जिलाधिकारी/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सम्बन्धित जनपद के अनुसार।
5- विशेष कार्याधिकारी, मा0 उप मुख्य मंत्री व मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को उनके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 12.02.2021 (02 पत्र) एवं 16.02.2021 (04 पत्र) के संदर्भ में ।
8- मुख्य अभियन्ता, सम्बन्धित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग ।
9- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ।
10- वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लांनिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठ भवन, 15 नार्थहिल रोड, प्रयागराज ।
11- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/लोक निर्माण अनुभाग-10/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

महेश कुमार
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in